भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

लोक सभा

लिखित प्रश्न सं. †105

सोमवार, 20 जुलाई, 2026/29 आषाढ़, 1948 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

तेलंगाना में स्वदेश दर्शन योजना 2.0 के अंतर्गत निधि

†105. श्री इटेला राजेंदरः

श्री चमाला किरण कुमार रेड्डीः

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या तेलंगाना राज्य सरकार ने हैदराबाद में स्वदेश दर्शन योजना 2.0 (एसडीएस 2.0) के तहत स्वीकृत परियोजना - 'कुतुब शाही हेरिटेज पार्क - पैगाह मकबरा - हयात बख्शी मस्जिद - रेमंड्स मकबरा' के विकास को समय पर पूरा करने की सुविधा के लिए 26.29 करोड़ रुपये की शेष राशि जारी करने का केंद्र सरकार से अनुरोध किया है; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस पर क्या कार्रवाई की गई है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)

(क) और (ख): पर्यटन मंत्रालय ने वर्ष 2017-18 में स्वदेश दर्शन योजना के विरासत परिपथ के तहत 96.90 करोड़ रुपये की स्वीकृत लागत से "कुतुब शाही विरासत पार्क, पैगाह मकबरा, हयात बख्शी मस्जिद और रेमंड्स मकबरा का विकास" नामक परियोजना को मंजूरी दी। इसके लिए 70.61 करोड़ रुपये की राशि जारी की गई है और इसका उपयोग कार्यान्वयन एजेंसी के रूप में तेलंगाना पर्यटन विकास निगम (टीजीटीडीसी) द्वारा किया गया है।

जी हां। तेलंगाना सरकार ने स्वदेश दर्शन योजना के तहत स्वीकृत **"कुतुब शाही विरासत पार्क - पैगाह मकबरा - हयात बख्शी मस्जिद - रेमंड्स मकबरा"** परियोजना के लिए 26.29 करोड़ रुपये की शेष राशि जारी करने के लिए पर्यटन मंत्रालय को अभ्यावेदन दिया है। हालांकि, यह मामला भूमि के विचाराधीन स्वामित्व विवाद के कारण अभी न्यायाधीन है।

****